## खबर संक्षेप

### एनसीसी कैडेट्स की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

**कटनी।** नई बस्ती क्षेत्र में एनसीसी कैडेट्स का कैम्प लगा हुआ है। जिसमे संपूर्ण मध्यप्रदेश से 500 कैडेट्स इस कैम्प में शामिल होने पहुँचे है। कैम्प में जहा कैडेट्स के रुकने व्यवस्था की गई है लेकिन पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण कैडेट्स की तबियत बिगड़ गई। 8 से 10 कैडेट्स जिसमे छात्राएं भी शामिल थी। उन्हें तबियत खराब होने के बाद इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। अपने उच्च अधिकारियों के साथ सभी कैडेट्स इलाज कराने पहुँचे थे। सभी उल्टी-दस्त और डिहाइड्रेशन से पीड़ति थे। सभी का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

### दो सड़क हादसों में एक की हुई मौत, वृद्ध हुआ घायल

**कटनी।** अलग-अलग सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक बुजुर्ग घायल हो गया। हादसे स्लीमनाबाद थाना में हुए। दोनो मामलों में पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए मामलों को विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार पहले हादसे में ग्राम खड़रा सलैया मोड़ के पास बीती शाम बलराम पटेल (55) निवासी ग्राम चरगंवा थाना स्लीमनाबाद की मौत हो गई। उसे मोटरसाइकिल क्रमांक एम पी 20 जेड पी 9588 के चालक ने टक्कर मार दी थी। इसी तरह ग्राम खड़रा घुटेही मोड़ के पास हुए हादसे में छोटेलाल यादव (64) निवासी ग्राम खड़रा घायल हो गया। इसे मोपेड वाहन क्रमांक एम पी 20 जेड ए 5928 के चालक ने टक्कर मार दी थी। दोनों ही मामलों में पुलिस ने आरोपी चालकों पर तेजगति से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के लिए मामला दर्ज करते हुए मामलों की जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात चोरों ने पार किये सोने चांदी के जेवरात

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गणेश चौक स्थित एक क्वार्टर में अज्ञात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। शिकायत पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार क्वाटर नंबर एफ 3 गणेश मंदिर दूरदर्शन के सामने शैलेन्द्र कुमार झा के यहां अज्ञात बदमाश ने चोरी की है। चोरों ने सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए हैं। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को जांच में लिया है।

### धरा गया सटोरिया, नकदी व मोबाइल जब्त

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने एक सटोरिये को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार हॉस्पिटल लाइन में साहिल डोडानी 19 निवासी खैबर लाइन पोस्ट ऑफिस के पास को अवैध रूप से सट्टा खेलते पाए जाने पर पकड़ा है। सटोरिया के पास से एक महंगा फोन व रुपए जब्त किए हैं। इसी प्रकार माधवनगर पुलिस ने तालाब के पीछे आम के पेड़ के नीचे पिपरौंध में राकेश कुमार चौधरी, दिनेश कुमार, कमलेश आदिवासी निवासी सभी पिपरौंध थाना माधवनगर को पकड़ा है।

## आरओ एवं मिनरल वॉटर के नाम पर सादा पानी का विक्रय कर की जा रही मोटी कमाई

# जिले में मनमाने तरीके से चल रहा पानी का कारोबार, जांच की औपचारिकता तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में मिनरल वॉटर के नाम पर सादा पानी बेचने का कारोबार चल रहा है। पानी कितना शुद्ध है और इसकी प्रोसेसिंग किस तरह से हो रही है इसकी जांच करने के लिए विभागीय अधिकारियों को फुर्सत नहीं है। कैम्पर और बोतल बंद पानी का कारोबार जिले में मनमाने तरीके से चल रहा है लेकिन अधिकारी पानी की गुणवत्ता तक की जांच नहीं कर रहे हैं। कई स्थानों से सादा पानी भरकर आरओ और मिनरल वाटर के नाम से बेचा जा रहा है। इस फर्जीवाड़े के जरिए कई मोटी रुपए कमा रहे हैं। गर्मी के दिनों में पानी के नाम पर वारे न्यारे हो जाते हैं।

लाइसेंस लेकर पानी का कारोबार करने वालों के अलावा भी कई जगहों पर पानी की पैकिंग के प्लांट खुल गए हैं। खाद्य विभाग और भारतीय मानक ब्यूरो के मापदंडों को खुला उल्लंघन करते हुए मनमाने ढंग से पानी का कारोबार कर रहे ये लोग आम जनता के स्वास्थ्य को भी खतरे में डाल रहे हैं। नियम तो यह भी है कि टैंकर से सप्लाई किया जाने वाला पानी भी पहले जांच के दायरे से गुजारा जाएगा, लेकिन यहां तो टैंकर तो छोड़िए कैम्पर और बोतलबंद पानी की जांच भी नहीं की जाती। सूत्रों की माने तो आरओ के नाम पर कच्चा पानी बर्फ में ठंडा करके बेचा जा रहा है। इसी तरह पानी के पाउच और बोतलों का गोरखधंधा भी तेजी से चल रहा है।

### प्लांट के लिए लेना होता है लायसेंस

पानी के कारोबार के लिए कंपनी के रजिस्ट्रेशन और जमीन आदि की व्यवस्था के बाद मिनरल वाटर प्लांट के लिए लाइसेंस लेना होता है। इसके लिए आवेदन करना होता है। अधिकारी मौके पर जांच करते हैं। पानी का नमूना लेते हैं। फिर अनुमति पत्र देते हैं। यह पत्र जिला खाद्य विभाग के यहां देते हुए आवेदन करना होता है। औषधि प्रशासन विभाग भौतिक जांच के बाद प्लांट का लाइसेंस जारी करता है। स्थानीय स्तर पर भी अनुमति लेना पड़ती हैं।



### बीमार कर सकता है दूषित पानी

चिकित्सकों के अनुसार पानी के यदि गुणवत्ता की सही से जांच नहीं हो रही है और यह दूषित है, तो इस प्रकार का पानी पीने से लोग कई प्रकार की बीमारियों का शिकार हो सकते है। दूषित पानी में अमीबा नामक एक कीटाणू होता है जो आंत में जाकर पेट को खराब कर देता है। इसके अलावा ई-कोलाई से लोग डायरिया का लोग शिकार हो सकते है। पीलिया व टायफाइड भी हो सकता है। साथ ही पाचन क्रिया भी प्रभावित हो सकती है।

### इन प्रक्रियाओं का पालन जरूरी

जानकारी के अनुसार मशीनों से जिस पानी को शुद्ध करके पीने लायक बनाया जाता है उसे आम भाषा में मिनरल वाटर कहते हैं। इस मिनरल वाटर को पैकेजिंग कर मार्केट में बेचा जाता है। यह बिजनेस शुरू करने के लिए पहले एक कंपनी या फर्म बनाई जाती है। कंपनी एक्ट के तहत इसका रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। कंपनी का पैन नंबर और जीएसटी नंबर आदि की भी जरूरत होती है। वाटर प्लांट लगाने के लिए जमीन, बोरिंग, आरओ और चिलर मशीन व कैन आदि रखने के लिए 1000 से 1500 वर्ग फिट जगह होनी चाहिए। पानी के स्टोरेज के लिए टंकियों की भी व्यवस्था हो।

शहर के कई स्थानों में पानी की दुकानें सजाकर कारोबार किया जा रहा है। जिस केन से ठंडे पानी की सप्लाई की जाती है, उसमें संस्था का नाम व आईएसआई सर्टिफाइड होने का मार्का लगा होना चाहिए, लेकिन पानी की सप्लाई करने वाले अधिकांश कारोबारियों की केन में इसका उल्लेख नहीं होता। कारोबारियों द्वारा साधारण तौर पर एक केन में सादा पानी भर कर सप्लाई किया जा रहा हैं। स्टेशन पर तो कई कंपनियों का बोतलबंद पानी बिक रहा है। यहां रेट से अधिक में पानी की बोतल बेची जाती हुई मिलीं। इन बोतलों पर ब्रांडेड कंपनियों के लोगो की कॉपी कर मिलते-जुलते नाम की चिट लगा दी जाती है। वहीं बाजार रेट से अधिक कीमत पर विक्रय किया जा रहा है।

### अलग अलग स्थानों से अवैध शराब जब्त

**कटनी।** कोतवाली, स्लीमनाबाद, बड़वारा पुलिस ने अलग अलग स्थानों से अवैध शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने ग्राम बोहता पुलिया के पास दबिश देकर सुनील बर्मन निवासी मरही माता मंदिर के पास आजाद चौक के पास से 18 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की है। माधवनगर पुलिस ने पुलिया के पास ठरका में राममिलन बर्मन के पास से 22 पाव प्लेन देशी शराब जब्त की है। स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम अमोच आरोपी के घर के बाजू से दुर्गेश सिंह - के पास से 18 पाव देशी प्लेन शराब, - ग्राम गुदरी में कालू उर्फ धर्मेन्द्र - सोनकर निवासी गुदरी के पास से 16 पाव देशी प्लेन शराब, ग्राम नवलिया पिपरिया बाबादीन गौड़ के पास से 20 - पाव देशी लाल मसाला शराब, ग्राम छोटी कारीपाथर में सियाराम कोल के - पास से 44 पाव देशी प्लेन शराब एवं 80 पाव देशी लाल मसाला शराब - कीमती 14 हजार रुपए जब्त की है। इसी प्रकार बड़वारा पुलिस ने ग्राम बड़वारा रोहनिया बायपास में कन्हैया कोल निवासी पठरा के पास से 20 पाव लाल मसाला शराब, बड़वारा पुलिस ने ग्राम रोहनिया में अनिल गुप्ता के पास से 5 लीटर कच्ची महुआ की शराब जब्त की है।

*अवैध शराब व मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग*

## युवक कांग्रेस, एनएसयूआई ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



विकास खंड बड़वारा अंतर्गत बरही के बालक विद्यालय के शिक्षक लाल सिंह का सोशल वीडियो पर वायरल वीडियो पर बिफरी युवा कांग्रेस, एनएसयूआई कटनी ने बड़वारा थाने के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस निंदनीय घटना ने राजनैतिक और सामाजिक आक्रोश को जन्म दिया है।

बड़वारा युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं ने थाना तिराहे में घटना के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया।मोहम्मद इसराइल ने बताया कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था बदहाल है,शिक्षित युवा नौकरी को दर बदर भटक रहा है,ऐसे में शिक्षक द्वारा ऐसा कृत किये जाने से समूचा शिक्षा जगत शर्मसार है।बड़वारा के गांव गांव में अवैध शराब बिक रही है वीडियो में देखे जाने वाली शराब भी कच्ची शराब दिखाई देती है,जिले में स्मैक,शराब,गांजा खुलेआम गली गली बिक रहा है एवं पुलिस प्रशासन मूक दर्शक बने देख रहा है।प्रदेश एनएसयूआई सचिव अजय खटिक एवं छात्र नेता अवध यादव ने भाजपा सरकार को छात्र विरोधी सरकार बताया एवं नवीन शिक्षा नीति को पूरी तरह विफल बताया, स्कूल कालेजों में पर्याप्त स्टाफ की कमी है,नए कोर्स प्रारम्भ करने की ओर सरकार का कोई ध्यान नहीं है।जिन्होंने ने बच्चों को बैठ कर शराब पिलाई ऐसे शिक्षक ने शिक्षक शब्द को कलंकित किया है। गौरतलब है कि शिक्षक का बच्चों को पेय पदार्थ परोसते का वीडियो वायरल होते ही युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अंशु मिश्रा ने त्वरित कार्यवाही की माँग करते हुए बाल संरक्षण आयोग एवं पुलिस अधीक्षक कटनी से शिक्षक पर मामला पंजीबद्ध करने की मांग की थी,जिसके फलस्वरूप प्रशासन दबाव में आया एवं शिक्षक पर मुकदमा दर्ज किया।युवा कांग्रेस ने प्रशासन से अवैध शराब एवं अन्य पदार्थों के खुलेआम बिकने पर जल्द मुहिम चलाकर बड़ी कार्यवाही करने की मांग की जल्द ऐसा ना होने पर उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी है।

## अनुराग कश्यप का फूंका पुतला, कार्यवाही की मांग



फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा समस्त ब्राह्मण समाज पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरुद्ध में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद द्वारा अनुराग कश्यप का पुतला दहन किया गया और साथ ही वैधानिक कार्यवाही के लिए ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन में बताया गया कि फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज को टारगेट करके हिंसा फैलाने हेतु एक अभद्र आक्रामक पोस्ट सोशल मीडिया पर डाला है। ऐसा सिर्फ हिंसा फैलाने, ब्राह्मण समाज को नीचा दिखाने एवं जानबुझकर आहत पहुंचाने हेतु किया गया है। उक्त पोस्ट से ब्राह्मण समाज में भारी आक्रोश का माहौल है जिसके चलते हम समस्त ब्राह्मण समाज हिंदी फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की मांग करते हैं। ब्राम्हण समाज मांग करता है कि यदि इस मामले में कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई तो देश व्यापी आंदोलन किया जाएगा।

## बच्चों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता परखने चलाया जा रहा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर ईट राइट चौलेंज के अंतर्गत सही भोजन स्वस्थ जीवन के प्रति स्कूली बच्चों को जागरूक करने एवं स्कूल में प्रदाय किए जा भोजन की गुणवत्ता जांच हेतु जिले के समस्त स्कूलों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही खाद्य सुरक्षा के प्रति बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। जिससे बच्चे जंक फूड एवं फास्ट फूड का कम से कम उपयोग करे। बच्चों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन का ही उपयोग करने की समझाईश दी जा रही है।

इसी तारतम्य में शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला इमलिया तथा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बदवारा के स्कूलों में भोजन की जांच की गई एवं आटा, चावल, दाल, तेल के नमूने लिए लिए गए है। साथ ही ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत फास्ट फूड, जंक फूड की दुकानों एवं चौपाटी की सघन जांच कर साफ सफाई के निर्देश दिए गए और एफएसएसएआई लाइसेंस पंजीयन लेकर ही व्यवसाय करने के बारे में बताया गया।

मौके पर व्यापारियों को सिंथेटिक फूड, कलर, अजीनोमोटो आदि का उपयोग नहीं करने के निर्देश दिए गए। चौपाटी की 2 दुकानों में सड़ी हुई पत्ता गोभी को नूडल्स में डालने के लिए रखा होना पाए जाने पर मौके पर ही नष्ट कराया गया। साथ ही मौके पर मोबाइल फूड लैब के माध्यम से विक्रय किए जा रहे चाट, फुल्की, चटनी, सॉस, पनीर वगैरह की त्वरित जांच की गई। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

*शासकीय शिक्षक संगठन ने उत्साहवर्धन करने लिया निर्णय*

## कक्षा एक में 20 से अधिक बच्चों के नामांकन एवं मैपिंग करने वाले शिक्षकों को करेंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



स्कूल शिक्षामंत्री एवं कटनी जिले के प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह केबिनेट मंत्री मप्र शासन द्वारा विगत दिवस कटनी प्रवास के दौरान बच्चों के नामांकन एवं मैपिंग के संबंध में जो लक्ष्य निर्धारण की बात व्यक्त की, उसके परिपालन में अपने संगठन के उददेश्य वाक्य प्रदेश में शिक्षा, शिक्षार्थी , शिक्षालय एवं शिक्षक का सर्वांगीण विकास के तहत अपनी नैतिक जिम्मेदारी मानते हुए शासकीय शिक्षक संगठन जिला कटनी ने एजुकेशन पोर्टल 3.0 में कक्षा 1 में 20 से अधिक छात्रों का नामांकन एवं मैपिंग करने वाले कटनी जिले के शासकीय विद्यालय के शिक्षकों के उत्साहवर्धन हेतु उनको सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया है।

शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने उक्त के संबंध में जानकारी देते हुए बतलाया कि संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य इस हेतु ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भी अपने-अपने गृह क्षेत्र में अभिभावकों को बच्चों के शासकीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु प्रेरित करते हुए ग्रीष्मावकाश के बाद जैसे ही विद्यालय प्रारंभ होंगे, तत्काल छात्रों को शासकीय विद्यालय में प्रवेश देने का कार्य करेंगे

संगठन ने इसके लिए अपने वरिष्ठ पदाधिकारियों देवेंद्र तिवारी संयोजक, रजनीश तिवारी जिलाध्यक्ष, मनीष सिंह गौतम, अवधेश पांडे, शालिनी तिवारी, अनीता यादव, माधुरी तिवारी, अरुण सिंह परिहार, बालमुकुंद त्रिपाठी, अरुण दुबे, मनरमन पांडे, गंगाराम पटेल, चंद्रशेखर जायसवाल, अनिल परौहा, शैलेंद्र खम्परिया, राजाराम सोनकर, दीपक नामदेव को ब्लॉकवार जिम्मेदारी सौंपकर जिला कलेक्टर महोदय एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी के निर्देशन तथा जिला शिक्षा अधिकारी कटनी एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र कटनी के मार्गदर्शन में सत्र 2025-26 में संगठन का लक्ष्य शत प्रतिशत नामांकन का रखा है।

संगठन उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में कटनी जिले के समस्त विकासखंड शिक्षाधिकारी एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक से सतत संपर्क कर लक्ष्य प्राप्त करेगा।

## महापौर ने विभिन्न बस्तियों का भ्रमण कर जानी नागरिकों की समस्याएं

# इंदिरा गांधी वार्ड में 52 लाख की लागत से होगा निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मंगलवार प्रातः इंदिरा गांधी वार्ड पहुंकर क्षेत्रीय पार्षद ओमप्रकाश बल्ली सोनी के साथ बालाजी नगर, रामनगर एवं शिवनगर की गलियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ भ्रमण किया। इस दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने स्थानीय नागरिकों से संवाद किया और उनकी रोड नाली एवं विद्युत संबंधी समस्याएं जानी तथा उनके निराकरण करानें का आश्वासन भी दिया।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय रहवासियों द्वारा रोड नाली की निर्माण की मांग कराये जानें पर महापौर श्रीमती सूरी नें उपयंत्री अश्वनी पाण्डेय से जानकारी चाही गई जिस पर बताया गया कि अवैध कॉलोनी होनें के कारण स्थल पर विकास कार्यो को करानें में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शासन निर्देशानुसार अवैध कॉलोनियों के रह वासियों को निगम के माध्यम से सुविधांए प्रदान किये जाने हेतु पूर्व में शिविर आयोजित किये जाकर विकास शुल्क की जानकारी प्रदाय की जा चुकी है। विकास शुल्क जमा होनें के पश्चात शीघ्र ही विकास कार्य प्रारंभ करा दिये जाएगें। जिस पर महापौर श्रीमती प्रीति सूरी नें शीघ्र ही दुबारा शिविर आयोजित कर विकास शुल्क की राशि जमा करानें की सुविधा प्रदान के निर्देश दिए।

इंदिरा गांधी वार्ड पहुंची महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने जल निकासी की व्यवस्था हेतु शिव नगर में पुरवार स्कूल से दुर्गा मंदिर तक 52 लाख रुपए की लागत से निर्मित कराए जाने वाले वार्ड के मुख्य नाले के स्थल का निरीक्षण कर शेष आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए ताकि वर्षों में वार्ड में जल भराव की समस्या उत्पन्न न हो। इस मुख्य नाले से वार्ड की गलियों की नालियों को जोड़कर वर्षा जल निकासी की सुविधा मिलेगी। महापौर श्रीमती सूरी नें जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में वार्ड में लगभग 2 करोड़ से अधिक के विकास कार्य कराये जा चुके है। जो आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

महापौर श्रीमती सूरी नें निरीक्षण के दौरान निगम के स्वास्थ्य अमले को इंदिरा गांधी वार्ड की बस्तियों से पानी निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था दुरूस्त करानें के भी निर्देश दिए। वार्ड की सफाई व्यवस्था हेतु नियुक्त स्वच्छता दूतों की दौनों पालियों की जानकारी ली जाकर बस्तियों की सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखनें के निर्देश दिए।

महापौर ने बालाजी नगर से पुरवार स्कूल पैदल होते हुए जैन नर्सरी मार्ग के पास अव्यवस्थित विद्युत लाइन का निरीक्षण कर नगर निगम एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की सामूहिक बैठक आयोजित कर इस समय का निराकरण कराने का आश्वाशन स्थानीय जनों को दिया। महापौर ने शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर नागरिकों के सुख समृद्धि की कामना की।



## मानव जीवन विकास समिति रैली निकाल दिया जलसंरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के ढीमरखेड़ा ब्लॉक के छाहर और कोठी गांव में जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत पेयजल एवं जल स्तोत्रों के रखरखाव के लिए साफ-सफाई एवं स्वच्छता का सन्देश दिया गया।_

मानव जीवन विकास समिति और नाबार्ड कटनी के मार्गदर्शन पर आदिवासी विकास समिति ढीमरखेड़ा अध्यक्ष हुकूम सिंह के नेतृत्व में छाहर और कोठी गांव में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया। जिसमें मानव जीवन विकास समिति टीम से अजय कुमार, अशोक सिहं धुर्वे, गुमान सिंह, ओमकार सिंह मरावी, उत्तम सिंह धुर्वे, खेम सिंह, पंजाब सिंह कमल सिंह कुन्जी मरावी लव कुमार एवं ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

### रैली से दिया सन्देश

जन भागीदारी से जल संरक्षण संभव है। वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने का ₹जल गंगा संवर्धन₹ अभियान है। जल नहीं तो कल नहीं, जल ही जीवन है, जल बचाव कल बचाव। इस अभियान के अंतर्गत नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के साथ साथ पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्धार, जल स्त्रोतों और जल वितरण प्रणालियों की साफ सफाई, जल स्त्रोतों के आस पास पौध रोपण के कार्य प्राथमिकता पर किये जायेगें।

## खबर संक्षेप

### अब प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक खुलेंगे आंगनबाड़ी केन्द्र

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने तेज धूप की वजह से बढ़ी गर्मी के मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य हित के मद्देनजर जिले के आँगनबाडी केन्द्रों के संचालन के समय में परिवर्तन किया है। कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर मंगलवार को जारी आदेश में वर्तमान समय में मौसम के तापमान मे हुई वृद्धि के कारण आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी आँगनबाडी.केंद्र अब प्रातः 8 बजे से खुलेंगे और दोपहर 12 बजे तक बच्चों को छुट्टी दे दी जाएगी। जिले मे आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन के समय में यह आंशिक परिवर्तन 30 जून 2025 तक की अवधि के लिए किया गया है। कलेक्टर श्री यादव ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका को आंगनबाड़ी केन्द्रों मे निर्धारित समय प्रातः 8 बजे उपस्थित होकर दोपहर 3 बजे तक विभागीय गतिविधियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा गृह भेंट, अभिलेखों का संधारण एवं अन्य गतिविधियां पूर्ववत रखने के निर्देश दिए है।

### किराये के मकान में युवक ने लगाई फांसी

**कटनी।** किराये के मकान में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इन्द्रा ज्योति कॉलोनी की है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार रोहिता शुक्ला पिता राजाराम शुक्ला (24) निवासी ग्राम ककेरी बेलखेड़ी थाना रहली जिला सागर हाल निवासी इन्द्रा ज्योति कॉलोनी विजय गुप्ता के किराये के मकान में शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है।

### तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन की तिथि बढ़ी

**कटनी।** खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में न्यूनतम समर्थन मूल्य के अंतर्गत तुअर उपार्जन हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है। पूर्व में यह तिथि 20 अप्रैल थी। पंजीयन रिपोर्ट के अनुसार तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन कम होने के कारण कृषक हित को दृष्टिगत रखते हुए तुअर के पंजीयन की अंतिम तिथि राज्य शासन ने 20 अप्रैल के स्थान पर अब 30 अप्रैल तक बढ़ा दी है। साथ ही पंजीकृत कृषकों एवं रकबें का सत्यापन 5 मई तक हो सकेगा।

### सिहुड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन कल

**कटनी।** विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत सिहुड़ी में गुरुवार 24 अप्रैल को शाम 4 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर श्री यादव जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर , शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए।समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, उनके दुःख -दर्द का निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### हटाए गए डीपीसी

**कटनी।** जिला परियोजना समन्वयक केके डेहरिया को पद से पृथक कर दिया गया है। उनकी जगह कटनी का जिला परियोजना समन्वयक प्रेम नारायण तिवारी को बनाया गया है। उपसचिव मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग कमल सोलंकी द्वारा आदेश जारी करते हुए प्रेम नारायण तिवारी को डीपीसी कटनी की कमान सौंपी गई है। डीपीसी केके डेहरिया के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला पंचायत सदस्य मोहिनी देवी ने एक शिकायती पत्र संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को लिखा था। आरोपों की जांच कराए जाने के उपरांत पद से हटाया गया है।

---

### कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन सीएम डैशबोर्ड और कुपोषण की समीक्षा

# कुपोषित बच्चों के चिन्हीकरण के लिए अधिकारियों की टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम डैशबोर्ड, कुपोषण के अलावा नरवाई जलाने वालों के विरूद्ध अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री यादव ने निर्देशित किया कि नरवाई जलाने वालों के विरूद्ध नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ-साथ जुर्माना भी लगायें।

#### ताकि बच्चों को कर सकें सुपोषित

कलेक्टर श्री यादव ने कृषि विभाग द्वारा नरवाई प्रबंधन और उपार्जन सहित विभागीय संचालित गतिविधियों का संतोषजनक पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण नहीं करने पर किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उपसंचालक और सभी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारियों की सुस्त कार्यप्रणाली के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुये अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रचलित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने आंगनबाड़ी केंन्द्रों में आने वाले गंभीर कुपोषित बच्चों के चिन्हीकरण के लिए अधिकारियों की टीम गठित कर आंगनबाड़ी केन्द्रों में गंभीर कुपोषित बच्चों का वजन एवं ऊंचाई पंचायत सचिव, पटवारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के समक्ष कराने के निर्देश दिये। ताकि जिले में गंभीर कुपोषित बच्चों के संग्रहित आंकड़ों के आधार पर बच्चों को सुपोषित बनाने की दिशा में प्रभावी पहल की जा सके।

#### अधिकारियो को दी हिदायत

कलेक्टर ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को सख्त निर्देश दिया कि फसल अवशेष नरवाई जलाने वालों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ-साथ नियम और प्रावधान के साथ अर्थदंड अधिरोपित करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम डैश बोर्ड में लंबित मामलों का भी निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने लोकसुनवाई सह जनसंवाद के दौरान विभिन्न स्थानों से प्राप्त विभागों से संबंधित समस्याओं के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन भी देने की हिदायत दी।

#### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा, एसडीएम विजयराघवगढ़ महेश मंडलोई, एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया और एसडीएम ढीमरखेड़ा विंकी सिंहमारे उइके, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, डीईओ पृथ्वी पाल सिंह, कार्यपालन यंत्री आरईएस जी.एस. खटीक, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा और सीएमएचओ डॉ. अठ्या सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

---

# खुले मैदान में छलक रहे थे जाम, पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बाकल पुलिस ने खुलेआम शराब पीने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की है। बाकल थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल पुलिस कर्मचारियों के साथ पहुंची एवं शराब पी रहे युवकों पर कार्यवाही की। आधा दर्जन सुर प्रेमियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखते हुए बदमाशों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही करने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा निर्देशित किया गया है। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, स्लीमनाबाद एसडीओपी प्रभात शुक्ला के मार्गदर्शन में लगातार कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते मिलने पर क्रमशः शुभम पटेल पिता जागेश्वर प्रसाद पटेल उम्र 24 साल ग्राम दिनारी खमरिया थाना सिहोरा, दीपक पटेल पिता प्रेम सिंह पटेल उम्र 20 साल निवासी हथियागढ़ थाना बहोरीबंद, नीरज पटेल पिता राममिलन पटेल उम्र 29 साल निवासी दिनारी खमरिया थाना सिहोरा, रामकुमार लोधी पिता शिवदास लोधी उमर 39 साल ग्राम खमरिया थाना बाकल एवं चंद्रभान राय पिता जानकी प्रसाद राय उम्र 60 साल निवासी कूड़ा थाना बाकल के विरूद्ध 36बी आबकारी एक्ट के अन्तर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया

इसी तरह वाहन चैकिंग लगाकर यातायात के नियमो का उलंघन करने वाले 8 वाहन चालको के विरूद्ध कार्यवाही की गई। साथ ही 15 वाहन चालको को यातायात नियमो का पालन करते हुए वाहन चलाने के समझाईस दी गई।

कार्रवाई में थाना कार्य. उनि बीएल ठाकुर , सउनि विजेन्द्र तिवारी, सउनि बीएम चौधरी, प्रआर अवधेश मिश्रा, प्रआर जोगेन्द्र तिवारी, प्रआर नकुल पटेल, प्रआर शिवसिंह, आर सूरलाल उईके, आर. राजभान पटेल, आर. इन्द्रभान मर्सकोले, आर. अंकित कन्नोजिया, अमन पाण्डेय की भूमिका रही।

---

### शासकीय महाविद्यालय बरही में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

# पृथ्वी एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्र छात्राओं को किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित ईको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस. एस. धुर्वे के निर्देशन तथा प्रभारी डॉ अरविन्द सिंह के नेतृत्व में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रभारी डॉ. अरविन्द सिंह ने बताया कि पूरी दुनिया में 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस साल दुनिया भर में 55वां पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। इस खास दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण की तरफ लोगों का ध्यान खींचकर यह कोशिश करना है कि सभी लोग पृथ्वी को खुशहाल बनाने में अपना योगदान दें। डॉ. के. के. विश्वकर्मा ने बढ़ते तापमान पर चिंता जताई एवं कहा कि अगर हम आज सचेत नहीं हुए तो ऑक्सीजन के लिए तरसना पड़ेगा।

डॉ. के. के. निगम ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से इस दिवस को मनाने की शुरुआत की गई थी। भारी मात्रा में आज पेड़ काटे जाने, जल एवं वायु प्रदूषण के चलते बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग की समस्या पूरे विश्व के लिए खतरे का संकेत है। कैश अंसारी ने कहां कि पृथ्वी का संतुलन बिगड़ना सभी के लिए एक बड़ी समस्या है। हर किसी को पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना चाहिए। डॉ. राकेश दुबे ने पेड़ों की कटाई को हीट वेव का कारण बताया एवं कहा कि पेड़ों का संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है एवं प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग पर भी चिंता व्यक्त की।

#### सभी को लेना चाहिए संकल्प

अंत में प्रभारी डॉ अरविन्द सिंह ने कहां कि विश्व पृथ्वी दिवस के दिन सभी को पर्यावरण का संरक्षण के साथ ही पर्यावरण को बेहतर बनाने व पेड़ लगाकर उनका संरक्षण करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ; रश्मि त्रिपाठी एवं आभार प्रदर्शन सुश्री प्रियंका तोमर द्वारा किया गया।

---

### संविदा कर्मियों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित



संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की प्रस्तावित हड़ताल का असर सरकारी अस्पताल में दिखाई देने लगा है। अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई और मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रीठी के सरकारी अस्पताल में संविदा पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल के चलते अस्पताल में मरीजों को परेशान होना पड़ा यहां पर खंड चिकित्सा अधिकारी ही मरीजों का इलाज करते दिखे। हालत यह रहे कि अस्पताल की सभी जिम्मेदारियां अकेले बीएमओ पर आ गईं जो स्वयं मरीजों को देखने में लगे रहे। इस बारे मे खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मेघेंद्र श्रीवास्तव ने बताया है कि हम अपनी ओर से पूरी कोशिश कर रहे हैं कि मरीजों को कोई परेशानी न हो, लेकिन स्टाफ की कमी से दिक्कत तो हो रही है। ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाएं रुक-सी गई हैं और हड़ताल का असर आने वाले दिनों में और भी गहरा हो सकता है अगर जल्द कोई समाधान नहीं निकाला गया सरकारी अस्पतालों में आमजन को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाएं पहले ही सीमित हैं, ऐसे में संविदा कर्मियों की हड़ताल ने हालात और भी मुश्किल बना दिए हैं। देखना होगा प्रशासन इस पर क्या कदम उठाता है।

---

# पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) के सहयोग से व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के लिए मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 का क्रियान्वयन किया जा रहा है। पोषण अभियान अंतर्गत पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक चलाया गया। पोषण पखवाड़ा में जीवन के प्रथम 1 हजार दिवस केंद्रित गतिविधियां, पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार, समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन एवं बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की थीम रही।

मंगलवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह के नेतृत्व में जिले अंतर्गत समस्त आंगनवाडी केन्द्रों में पोषण पखवाडा समापन के उपलक्ष्य गतिविधि कराई गई। माताओं को 1 हजार दिवस एवं वृद्धि निगरानी के बारे में बताया गया। आंगनवाडी केंद्र में पंजीकृत जन्म से 6 वर्ष आयु वर्ग के 1 लाख 17 हजार 231 बच्चो का 10 दिवसीय वजन मेला का आयोजन किया गया। आंगनवाडी कार्यकर्ताओ द्वारा बच्चो के पोषण स्तर पर नियमित निगरानी हेतु परिजनों के समक्ष शारीरिक माप उचाई एवं वजन का माप लिया एवं बच्चो के तीन माह का ग्राफ चार्ट दिखा कर पोषण परामर्श दिया गया। बच्चो के शारीरिक माप की प्रविष्टियां पोषण ट्रैकर एप में किया जा कर शारीरिक माप में चिन्हित बच्चो का बैड (सामुदायिक आधारित पोषण प्रबंधन) कार्यक्रम में पंजीयन करा कर पोषण प्रबंधन किया जा रहा हैं।ड (अतिकुपोषित) बच्चो में भूख की जाँच में फ़ैल बच्चो को छत्व में रेफर किया गया।

---

### जांच दल को नाबालिग बच्चों से भूसा ढुलवाये जाने के मिले तथ्य

# 20 रूपए देकर बच्चों से ढुलवाया भूसा शिक्षक के विरूद्ध दर्ज हुई एफआइआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय प्राथमिक शाला पुरानी बस्ती खिरहनी के निलंबित प्राथमिक शिक्षक लाल नवीन प्रताप सिंह के विरूद्ध बाल श्रम प्रतिषेध और विनियमन अधिनियम की धारा 3 और 14 के तहत रविवार 20 अप्रैल को पुलिस थाना बरही में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर प्राथमिक शिक्षक श्री सिंह के विरूद्ध तहसीलदार बरही की अध्यक्षता में गठित चार सदस्यीय जांच दल से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर श्रम निरीक्षक रमाकांत लोधी द्वारा बरही पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जांच दल द्वारा विकासखण्ड बड़वारा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला पुरानी बस्ती खिरहनी, में प्राथमिक शिक्षक लाल नवीन प्रताप सिंह पिता लाल उदयराज सिंह की सोशल मीडिया में वायरल वीडियो की तथ्यात्मक जांच की गई। जांच में उल्लेखित है कि कथित वीडियो में दिख रहे शिक्षक लाल नवीन प्रताप सिंह प्राथमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ है। वायरल वीडियो में दिख रहे बच्चों को शिक्षक द्वारा आहूत किया गया। जिनमें आर्यन पिता संतोष जाति पटवा निवासी कौसाम्बी यूपी 14 वर्ष, अभिलेश पिता राजकपूर 12 वर्ष निवासी खिरहनी, समयकरण पिता शैलेन्द्र कोल 14 वर्ष, सत्यम पिता गोविंद कोल 12 वर्ष, अरविन्द पिता सूरज कोल 12 वर्ष, अखिलेश पिता नीरज 10 वर्ष, सौरभ पिता उदय 10 वर्ष सभी नाबालिग है। 12 वर्षीय अरविन्द के पिता सूरज कोल द्वारा बताया गया कि ये समस्त बच्चे माध्यमिक शाला पिपरिया कला एवं प्राथमिक शाला खिरहनी में पढ़ते है। वायरल वीडियो में दिख रहा कोई भी बच्चा प्राथमिक शाला पुरानी बस्ती खिरहनी में अध्ययनरत नहीं है।

जांच दल द्वारा बच्चो से पूछने पर बताया गया कि शिक्षक श्री सिंह के खेत में भूसा भरने गये थे, भूसा भरने पर प्रति बच्चे 20 रूपये शिक्षक द्वारा दिये गये। लगभग 2 घंटे काम किया इसके उपरांत शिक्षक श्री सिंह के घर में बैठ कर दिये गये पेय पदार्थ को पिया गया। बच्चो के बताये अनुसार उनको स्प्राइट पिलाई गई थी। शिक्षक लाल नवीन प्रताप सिंह की उपस्थिति स्कूल में संधारित उपस्थिति पंजी में देखी गई। बीते गुरुवार को शिक्षक के हस्ताक्षर पाये गये, किन्तु शिक्षक लाल नवीन प्रताप सिंह दोपहर लगभग 2.00 बजे घर में रहे। प्रधानाध्यापक के कथन अनुसार शिक्षक लाल नवीन प्रताप सिंह द्वारा लगभग 1.30 बजे घर जाने की मौखिक अनुमति मांगी गई थी, जिसके आधार पर शिक्षक घर गये थे। जांच प्रतिवेदन में उल्लेखित है कि वीडियो में दिख रहे बच्चो के अभिभावक एवं प्रधानाध्यापिका के कथन से पुष्टि होती है कि उक्त घटना स्कूल परिसर की नही है। अध्यापक के लिये गये कथन अनुसार घटना शिक्षक लाल नवीन प्रताप सिंह के खिरहनी स्थित निवास की है। शिक्षक ने बताया गया कि आस-पास पड़ी हुई शराब की बोतल को बच्चों के द्वारा बीन करके लाया गया। फिर उसी बोतल में बच्चों द्वारा स्प्राइट डाला गया।

---

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी 131 आवेदकों की समस्याएं

# कलेक्टर को सुनाई व्यथा, नहीं मिल रहा शासकीय योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की मौजूदगी में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री यादव ने 131 आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं एवं संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर निधि सिंह, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता एवं संस्कृति शर्मा मौजूद रहें।

#### दिव्यांग दम्पत्ति की करें मदद

ग्राम अमेहटा पो. काहनगांव निवासी सोनू नामदेव पिता शंभू प्रसाद नामदेव ने कलेक्टर श्री यादव को आवेदन देते हुये बताया कि मैं 75 प्रतिशत दिव्यांग हूँ। जबकि मेरी पत्नी 60 प्रतिशत दिव्यांग है। मैंने सोनाटा फाइनेंस प्रा.लि. से लोन लेकर अपनी पत्नी का दाखिला श्रमधाम कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय कैमोर कॉलेज में बीएड प्रथम सेमेस्टर में करवाया। मेरी आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से लोन चुकाने एवं पत्नी का बीएड कोर्स कम्प्लीट करवाने में मुझे परेशानी हो रही है। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक को समय-सीमा में उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

#### लंबित राशि का भुगतान करायें

ग्राम टिकरिया तहसील स्लीमनाबाद निवासी पुष्पेंद्र कुमार हल्दकार ने कलेक्टर श्री यादव को बताया कि मेरे द्वारा ट्रैक्टर के माध्यम से ग्राम धनवाही मंदिर के पास, कौडिया नल के पास एवं कौडिया कमानिया गेट के पास साफ-सफाई एवं मरम्मत का कार्य जुलाई-अगस्त 2024 में कराया गया था। परंतु इस कार्य का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। राशि मांगने पर पंचायत द्वारा आठ माह से टाल-मटोल की जा रही है। एवं सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने पर एफआईआर करने की धमकी दी जा रही है। जिससे मै मानसिक रूप से परेशान हूँ। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने सीईओ जनपद पंचायत बहोरीबंद को उचित निराकरण के निर्देश दिए।

#### बकाया वेतन एवं पीएफ दिलायें

ग्राम सिंघनपुरा तहसील विजयराघवगढ़ निवासी नीरज केवट पिता विशेसर केवट ने कलेक्टर श्री यादव को आवेदन देते हुये बताया कि मैं ग्राम घुनौर पी.ए.सी में सुरक्षा कर्मी के पद पर पिछले पांच साल से काम कर रहा हूँ। मेरा 4 वर्ष का पीएफ एवं 7 माह का वेतन बकाया है जिससे मेरी आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। इस पर कलेक्टर ने सीएमएचओ को समय-समय सीमा में मामले का निराकरण कराने के निर्देश दिए।

इंदिरा गांधी वार्ड निवासी सीताराम सेन ने कलेक्टर श्री यादव को अपनी व्यथा सुनाते हुये कहा कि मैं गरीबी रेखा से नीचे का हितग्राही हूँ, परंतु अंगूठा न लगने के कारण मुझे आयुष्मान कार्ड, बैंक व राशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसलिए मुझे कोई अन्य विकल्प दिया जाये, ताकि मुझे शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने सीएमएचओ, पीएसओ एवं एलडीएम को समय-सीमा में समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

---



# ग्रामीणों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड ढीमरखेड़ा के सेक्टर क्रमांक 5 धरवारा में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम अंतर्गत जिला समन्वयक तेजसिंह केशवाल के मार्गदर्शन में सीएमसी डीपी के छात्रों, परामर्श दाताओं द्वारा नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सहयोग से ग्राम कुसेरा के पुतरीया नाला में साफ-सफाई का कार्य कर पानी रिसाव वाले स्थल की खुदाई एवं जल एकत्रीकरण स्थल की सफाई कर जंगल के बीच में स्थित नाले में जानवरों के पानी पीने की व्यवस्था की गई। साथ ही छात्रों द्वारा तय किया गया कि साप्ताहिक श्रमदान कर उस नाले का चौड़ीकरण कर जल स्तर को बढ़ाया जाएगा।

नवांकुर संस्था इमलिया द्वारा प्रस्तावित आदर्श हेतु ग्राम के लोगों की बैठक कर लोगों को आगामी श्रमदान कार्य हेतु तैयार किया गया एवं जल संरक्षण का संदेश देते हुवे ग्राम में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। साथ ही जिला समन्वयक द्वारा ग्राम का भ्रमण कर संस्कार केंद्र एवं कार्यालय का निरीक्षण किया गया।

**खबर संक्षेप**

## अजीनोमोटो के उपयोग नहीं करने के दिए निर्देश

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने दमोह शहर में निरीक्षण कार्यवाही करते हुए फास्ट फूड दुकानों में विक्रय किए जा रहे मंचूरियन एवं चाउमिन के नमूने जांच हेतु लिए। खाद्य सुरक्षा जांच दल ने दमोह शहर में घंटाघर स्थित श्रीनाथ पाव भाजी एण्ड फास्ट फूड सेंटर का निरीक्षण किया गया। परिसर से मौके पर विक्रय हेतु संग्रहित मंचूरियन एवं चाउमिन के नमूने जांच हेतु लिए गए । इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। इसी तरह जबलपुर रोड स्थित दमोह दरबार में फास्ट फूड दुकानों में कार्यरत शेफ एवं रसोइयों को चाइनीज फूड एवं फास्ट फूड में अजीनोमोटो के ज्यादा मात्रा में इस्तेमाल करने एवं री-यूज्ड खाद्य तेल को उपयोग करने पर मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव होने के बारे में जानकारी प्रदान की गई। मौके पर फास्ट फूड दुकान संचालकों को अजीनोमोटो एवं री-यूज्ड खाद्य तेल के उपयोग नहीं करने के निर्देश दिए गए है। सभी फास्ट फूड दुकानदारों को मौके पर फूड कलर के कम इस्तेमाल करने की सलाह दी गई।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन अब सुबह 7 बजे से

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने वर्तमान में तापमान में बढ़ोत्तरी एवं बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका के दृष्टिगत तत्काल प्रभाव से जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया है।

### जिले में बाल विवाह रूकवाने टीम सक्रिय

# सेक्टर प्रभारी की समझाइश पर रुकवाया गया बाल विवाह, बच्चों का भविष्य सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

कोंडा कला में महिला एवं बाल विकास विभाग (WCD) के सेक्टर प्रभारी सुन्दर लाल अहिरवार सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपुडे ने एक महत्वपूर्ण कार्य करते हुए एक बाल विवाह को समय रहते रुकवा दिया। जानकारी मिलते ही विभाग की टीम सक्रिय हुई और संबंधित व्यक्ति धनीराम सींग गौंड के पुत्र सुरेंद्र सींग गौंड जिसकी उम्र 19 वर्ष है जिसका विवाह जबेरा ब्लाक के जोगीखेड़ा निवासी लक्ष्मण सींग की पुत्री के साथ होना तय हुआ था , परंतु सेक्टर प्रभारी सुन्दर लाल अहिरवाल ने पुलिस की सहायता से धनीराम व उनके परिवार वालो से बातचीत कर गांव वालो के सामने समझाया की वाल विवाह एक अपराध हे और न मानने पर सजा का प्रावधान हे बाल विवाह अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी और बच्चों की शिक्षा व उनके उज्वल भविष्य के महत्व पर परिजनों को समझाया। प्रशासन के सहयोग से तय विवाह कार्यक्रम को तुरंत रोक कर दिया गया। और विवाह रोकने में सफलता प्राप्त की। सेक्टर प्रभारी ने मौके पर पंचनामा तैयार किया गया पंचनामा बनाए जाने के बाद क्षेत्र में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता बढ़ी विभाग द्वारा भविष्य में भी इस तरह की घटनाओं पर सख्त नजर रखने और लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाने की बात कही गई है।

इसी कड़ी में सेक्टर प्रभारी ने अपील की है कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत नजदीकी अधिकारी या चाइल्डलाइन 1098 पर संपर्क करें। बच्चों को सुरक्षित और शिक्षित भविष्य देने में सभी की भागीदारी आवश्यक है।

पुलिस प्रशासन के सहयोग से प्रधान आरक्षक नारायण जाट सुनील शुक्ला सत्येंद्र विश्वकर्मा राघवेंद्र झरिया बाल विवाह समझाय देने में भूमिका रही।

## शहरी क्षेत्र में रोका गया बाल विवाह

**दमोह।** दमोह हेल्पलाइन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर महिला बाल विकास एवं पुलिस विभाग लगातार जिले में कार्यवाहियां कर रहा है इसी क्रम में आज दमोह जिले में एक बाल विवाह रोका गया। इस सम्बन्ध में महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी सुलेखा ठाकुर ने बताया आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम द्वारा बजरिया 8 में नाबालिक बालिका का बालविवाह रोका गया। उन्होंने बताया प्राप्त गोपनीय सूचना अनुसार उक्त बालिका की लग्न 25 अप्रैल को थी। इस दौरान पर्यवेक्षक अंकिता जैन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही। परियोजना अधिकारी श्रीमती ठाकुर ने परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणाम के संबंध में परिवार को जागरूक किया। साथ ही बालिका को पुनः शिक्षा से जोड़ने हेतु समझाया। ज्ञात हो कि जिले में विभिन्न माध्यमों से बाल विवाह रोकने लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। साथ ही आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पर्यवेक्षक आशा सुपरवाइजर एवं एएनएम का प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें बाल विवाह के दुष्परिणाम, बालविवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, बाल विवाह संपन्न होने के पश्चात की जाने वाली कार्यवाही आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विवाह की सूचना प्रदान कर्ता की जानकारी को पूर्णत गोपनीय रखा जाएगा इस संबंध में भी जानकारी दी गई।

## अक्षय तृतीय पूर्व ही लगातार दूसरे दिन रोके गये 7 बाल विवाह

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी , एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी जे.एस वर्मा के मार्गदर्शन में दमोह जिले में लगातार दीवार लेखन, रेली, मीटिंग्स, प्रशिक्षण के माध्यम से मैदानी अमलों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, साथ ही इनके द्वारा एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के किशोर साथिया एवं ब्रिग्रेड द्वारा जन सामान्य को जागरूक किया जा रहा है । इसके परिणाम स्वरुप विवाह के सीजन में लगातार गुप्त सूत्रों से सीधे जिला कलेक्टर, चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098,एवं अधिकारियों तक लगातार बाल विवाह की सूचनाएं प्राप्त हों रही है, प्राप्त सूचनाओं के आधार पर महिला बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, एस.जे.पी.यु, दल के सहयोग से मौके पर पहुंचकर बाल विवाह रोके जाने हेतु सक्रियता से कार्यवाही की जा रही है । इसके परिणाम स्वरुप आज दिनांक को भी गोपनीय सूचना के आधार पर गठित टीम के द्वारा 7 बाल विवाह रोके जाने हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अनुसार समझाईस देकर कार्यवाही की गई थी । इसी कड़ी में 22 अप्रैल 2025 को महिला बाल विकास परियोजना शहरी अंतर्गत 1 एवं जबेरा अंतर्गत 6 जिसमे थाना जबेरा सीमा अंतर्गत दो बाल विवाह सिंग्रामपुर चौकी सीमा अंतर्गत तीन बाल विवाह एवं नोहटा थाना सीमा अंतर्गत एक जो कल रोका गया था बाल विवाह रुकवाये गये ।कलेक्टर जिला दमोह द्वारा बाल विवाह होने की शिकायत या सूचना दमोह हेल्प लाइन 07812-350300 एवं चाइल्ड हेल्प लाइन न 1098 पर दर्ज कराई जा सकती है । शिकायतकर्ता अथवा सुचना देने वाले की जानकारी पुर्णतः गोपनीय रखी जायेगी ।

# श्री दिगंबर जैन चौधरी मंदिर में गुरु चरण स्थापना महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह जिला मुख्यालय पर स्थित श्री दिगंबर जैन चौधरी मंदिर में परम पूज्य आचार्य गुरुदेव विद्यासागर जी महाराज के चरण स्थापना महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यहां पर भव्य वेदिका का निर्माण किया गया। तत्पश्चात वेदिका की प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान परम पूज्य प्रयोग सागर जी महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया एवं बाल ब्रह्मचारी अंकित भैया धनेटा के निर्देशन में विधान आयोजित हुआ। इसी दौरान भक्तों के द्वारा नवीन बेदीका पर परम पूज्य गुरुदेव के चरण चिन्हों को स्थापित किया गया। आयोजन में मध्य प्रदेश शासन के पूर्व वित्त मंत्री और वर्तमान में दमोह के विधायक जयंत मलैया अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस दौरान पुण्यशाली परिवारों के द्वारा बोलियों के माध्यम से कार्य संपादित किया गया। गुरु चरण स्थापना करने एवं वेदी बनवाने का सौभाग्य डॉक्टर चेतन जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस दौरान दमोह जैन समाज के श्रेष्ठीजनो विशेष रूप से मौजूदगी रही।

## जनसुनवाई में 232 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 232 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 152 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह, लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। 25 पंचायतों में चौथे सप्ताह जनसुनवाई में कुल 83 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 63 का निराकृत एवं 20 आवेदन लंबित हैं। इसमें नरसिंहगढ़, बांसाकला, गैसाबाद, खड़ेरी सहित चिन्हित 25 जनपद पंचायत स्तर पर जन सुनवाई की गई।

# पृथ्वी दिवसः टाईम्स संस्थान में प्राकृतिक सरंक्षण के लिये किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

हर साल 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए टाईम्स पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसका मुख्य उद्देष्य छात्रों को पर्यावरण की समस्या के बारे में जागरूक करना है। इस अवसर पर किनडरगार्टन के छात्रो ने चित्रकला के माध्यम से पृथ्वी का चित्र बनाकर उसमें रंग भरे और शाला प्रागंण में लगे वृक्षों में पानी देकर अधिक मात्रा में वृक्ष लगाकर पृथ्वी को हरा -भरा बनाने और प्लास्टिक का उपयोग न करने का संकल्प लेते हुए पर्यावरण को प्रदूषित न करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर किनडरगार्टन की समन्वयक श्रीमति सूर्या ठाकुर ने छात्रो को पृथ्वी दिवस मनाने का कारण बताया और साथ ही छात्रो के द्वारा धरती बचाओ जीवन बचाओ का नारा दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के समस्त षिक्षक षिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश

टाईम्स महाविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ इस श्रृखंलामेंसर्वप्रथममहाविद्यालय के डायरेक्टर डा सुशीलगुप्ता के द्वारा पृथ्वी दिवस पर सभी को पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, प्रदूषणको कम करना, पेड़ पौधें लगाकर धरती कोहरा-भरा बनाये रखने का सुझावादिया, साथ ही साथ महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा मनजीत कौर साहनी, डा सुनीता गप्ता, संजय विश्वकर्मा, डानिशा सरवरिया, श्रीकांत पटेल, श्रीमति प्रिया सोनी सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

## सफारी में बाघ को देख रोमांचित हुए प्रतिभागी



**दमोह।** जिले के जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता की विजेता टीम के सदस्यों द्वारा सरसी आईलैंड एवं परसली रिजॉर्ट का मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा भ्रमण कराया गया। प्रतिवर्ष क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिसमें प्रथम तीन टीमों को विजेता के रूप में तथा शेष तीन टीमों को उपविजेता टीम के रूप में मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा मध्य प्रदेश के कहीं भी टूरिज्म के होटल में घूमने का अवसर प्रदान किया जाता है। तीन दिन दो रात के पैकेज में विजेता प्रतिभागियों ने बाणसागर बांध के टापू में बने सरसी आईलैंड होटल में रुक कर वोटिंग का आनंद लिया इसी तरह संजय दुबरी नेशनल पार्क में सफारी के दौरान बाघ को देखा। विजेता प्रतिभागियों मे सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह की हेमलता विश्वकर्मा, किरण अहिरवार एवं जोया फातमा, सी एम राइज दमोह के छात्र आदित्य गुप्ता, चंदन विश्वकर्मा एवं चक्रेश पटेल तथा सी एम राइज जबेरा के शुभम मेहरा, जूही वाजपेई एवं मानसी तिवारी ने भाग लिया मार्गदर्शी शिक्षिका तरून्नम आरा के साथ क्विज मास्टर मोहन राय के निर्देशन में विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश क्विज प्रतियोगिता में विजेता बनने के बाद 20 अप्रैल 2025 से 22 अप्रैल 2025 तक भ्रमण किया।

# सीएम राइज विद्यालय जबेरा में लॉटरी चयन प्रक्रिया संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

सीएम राइज शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में लॉटरी चयन प्रक्रिया का आयोजन मंगलवार को सरपंच शिवलाल धुर्वे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार बाजपेई एवं अनेकों अभिभावकों की उपस्थिति में विद्यालय प्राचार्य संजय बाजपेई द्वारा संपन्न कराया गया। जिसमें कक्षा छठवीं हेतु 45 रिक्त सीटों के लिए कुल प्राप्त 89 आवेदनों में से 45 पर्ची एवं 07 पर्ची प्रतीक्षा सूची के साथ कुल 52 छात्रों के लिए मटके में से पर्चीया निकल गई। इसी तरह कक्षा नवमी हेतु 65 रिक्त सीटों के लिए कुल प्राप्त 200 आवेदनों में से 65 पर्ची एवं 12 प्रतीक्षा सूची सहित कुल 77 छात्रों के लिए पर्ची निकली गई जिनका रिक्त सीटों के लिए चयन किया गया। चयन प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही और जिन छात्रों का चयन नहीं हुआ उनमें निराशा भी देखी गई। इस दौरान सरपंच शिवलाल धुर्वे एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार बाजपेई ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि सभी छात्र मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने विद्यालय के साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन करें और जिन छात्रों का चयन नहीं हुआ है वह निराश नहीं हो विद्यालय कोई भी हो मेहनत आपको करनी है और इस मेहनत की दम पर आपको सफलता की कहानी लिखनी है हम सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हैं।

वहीं विद्यालय प्राचार्य संजय बाजपेई ने सभी चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि सभी छात्र मन लगाकर पढ़ाई करें और एक कामयाब इंसान बनकर विद्यालय के साथ अपने परिवार का नाम रोशन करें साथ ही सभी अभिभावक अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय अनिवार्य रूप से भेजें क्योंकि विद्यालय का लक्ष्य प्रत्येक कक्षा में 100% वार्षिक परीक्षा परिणाम देने के लिए निर्धारित है जिसमें आप सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक मुकेश नामदेव, शिक्षक उमेश शर्मा, रामकिशोर शर्मा, सुखनंदन साहू, माखनलाल साहू, विवेक जैन, अर्चना खरे, मुन्नी ठाकुर, दुर्गा पटेल, उषा लोधी, विभा तिवारी, प्रमोद अहिरवार सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

# थाईलैंड मांगुर मछली के विक्रय, परिवहन, संग्रहण तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारत सरकार द्वारा थाईलैंड मांगुर मछली पालन पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। प्रतिबंधित थाईलैंड मांगुर मछली पुनः बाहर से परिवहन कर जिले में अलग-अलग स्थानों पर विक्रय किये जाने की शिकायतें दूरभाष, सी.एम. हैल्पलाईन के माध्यम से प्राप्त हो रही हैं। मछली पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचाती है एवं मानव स्वास्थ्य के लिये हानिकारक मानते हुये कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत दमोह जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत थाईलैंड मांगुर Exotic Magur (Clarias gariepinus) मछली के विक्रय, परिवहन, पालन, संग्रहण को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है। आदेश का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध अन्य अधिनियमों के साथ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने मत्स्य विभाग में पदस्थ विभागीय अमले आदेश के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दमोह, जबेरा, तेन्दूखेड़ा के लिये मत्स्य निरीक्षक



ऋषिओम तिवारी एवं पटेरा, हटा, पथरिया, बटियागढ़ के लिये मत्स्य निरीक्षक ऋषिकांत पाठक को गठित टीम में शामिल किया है। उन्होंने निर्देशित किया है कि शिकायत प्राप्त होने पर सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला दमोह की टीम त्वरित कार्यवाही करते हुए थाईलैंड मांगुर मछली को जब्त कर नियमानुसार विनिष्टिकरण की कार्यवाही करायेंगे। इस कार्य में संबंधित थाने के पुलिस अधिकारी तथा राजस्व अधिकारी आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। आदेश के उल्लंघन के संबंध में कोई भी व्यक्ति दमोह हैल्पलाईन नंबर 07812-350300 पर सूचना/शिकायत कर सकता है। आदेश के पालन हेतु संबंधित थाने के पुलिस अधिकारी तथा संबंधित राजस्व अधिकारी वैधानिक कार्यवाही करायेंगे एवं थाईलैंड मांगुर मछली के विनिष्टिकरण के पूर्व मछली पालन विभाग से मछली की पहचान कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

# सफाई कर्मियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा सफाई कर्मियों का सम्मान समारोह संपन्न, सूती वस्त्र गमछा एवं धूप से बचाव हेतु कैप वितरित की गई। शानदार स्वल्पाहार के साथ अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। हमारे दमोह शहर में एक सराहनीय पहल के तहत सफाई कर्मियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसको डिंपल खोसला ने सफल बनाया। इस अवसर पर अध्यक्ष स्मृति खरे ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य उन योद्धाओं के प्रति आभार व्यक्त करना था, जो प्रतिदिन हमारे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। समारोह के दौरान सभी सफाई कर्मचारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जहां उन्हें सम्मान स्वरूप उपहार दिए गए। एरिया ऑफिसर रोजी बग्गा ने बताया कि इस पहल से शहरवासियों में एक सकारात्मक संदेश दिया गया है। वहीं राखी चोपड़ा ने कहा कि स्वच्छता में योगदान देने वाले हमारे सफाई कर्मचारी समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। डिंपल खोसला ने लीनेस मैत्री क्लब द्वारा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने की बात कही। यह अनूठा आयोजन न केवल सफाई कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने वाला था, बल्कि समाज में उनके प्रति सम्मान और सहयोग की भावना को भी मजबूत करने वाला रहा। इस सेवा कार्य में रिम्मी जुनेजा,नर्मदा सिंह, शिल्पा राव,पिंकी जुनेजा, एकता जुनेजा की सक्रिय भागीदारी रही।

## नगरपालिका अधिकारी के साथ बैठक सम्पन्न

**दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार पी.सी.गुप्ता, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कुशल मार्गदर्शन में जिला दमोह एवं तहसील न्यायालय हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में 10 मई 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य समस्त प्रकरणों के निराकरण के साथ ही विद्युत एवं नगरपालिका के जलकर, सम्पत्ति कर के प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर किया जावेगा। नगरपालिका दमोह के अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु बैठक का आयोजन ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला, सिविल जज वरिष्ठ खंड /सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह की अध्यक्षता में ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय दमोह में किया गया। बैठक में प्रभारी नगरपालिका अधिकारी आर.सी. अहिरवार, राजस्व निरीक्षक सुश्री रितु पुरोहित उपस्थित रहे। बैठक में नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों को कार्यालय में शीघ्र अति शीघ्र प्रस्तुत किये जाने व नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किये जाने के संबंध में चर्चा की गई।

## आत्महत्या के लिए उकसाने वाला 5000 इनामी आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अमानगंज।** पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में फरार आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। अमानगंज के वार्ड क्रमांक 4 निवासी पूर्व हाफिज अब्दुल मुस्तफा पिता अला बॉक्स सौदागर उम्र 49 वर्ष के विरुद्ध कुछ दिन पहले अत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी फरार चल रहा था, जहां पुलिस अधीक्षक पन्ना ने फरार आरोपी के विरुद्ध 5000 का इनाम घोषित किया था मुखबिर की सूचना पर दिनांक 21.4.2025 को थाना प्रभारी अमानगंज के द्वारा गठित टीम उप निरीक्षक डीपी मिश्रा, आरक्षक लखन पटेल ने पन्ना बस स्टैंड से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया

# नरवाई में आग लगाने पर 32 किसानों पर 80 हजार पर्यावरण क्षतिपूर्ति हेतु लगाया अर्थदण्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धार 163 के अंतर्गत दमोह जिले की राजस्व सीमा में नरवाई/फसल अवशेष में आग लगाने की घटनाओं पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है, जिसके परिपालन में कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी एवं कोटवार द्वारा प्रस्तुत पंचनामा के आधार पर तहसीलदार बटियागढ़ श्री योगेंद्र चौधरी द्वारा 32 किसानों पर 80 हजार पर्यावरण क्षतिपूर्ति हेतु अर्थ दण्ड लगाया गया। उप संचालक कृषि जे.एल.प्रजापति ने बताया कि नरवाई/फसल अवशेष में आग लगाने से मृदा में पाए जाने लाभदायक सूक्ष्म जीव, किसानों का मित्र कहे जाने बाले केंचुआ तथा मृदा में जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाता है जिससे भूमि बंजर हो जाती है तथा पर्यवरण प्रदुषण भी होता है। कृषक बंधु नरवाई में आग कभी न लगाएं नरवाई प्रबंधन की विभिन्न तरीकों को अपनाएं।श्री प्रजापति ने कृषकों को सलाह देते हुए कहा कि नरवाई में आग ना जलाकर कृषक स्ट्रा रीपर के माध्यम से भूसा बनवा सकते हैं, सुपर सीडर या हैप्पी सीडर के माध्यम से सीधे बिना जुताई के बोनी कर सकते हैं जिससे फसल उत्पादन की लागत में भी कमी आती है, ग्रीष्म कालीन गहरी जुताई करने से नरवाई खेत मे दब जाती है और विघटित होकर जैविक खाद बन जाती है और कीट पतंगों के प्यूपा एवं अण्डे ऊपर आ जाते है जो तेज धूप में मर जाते है इसी तरह से खरपतवारों के बीज भी तेज धूप में अंकुरण क्षमता खत्म हो जाती है साथ ही फसलों में लगने बाले रोगों के रोग कारक भी तेज धूप के कारण मर जाते है जिससे आगामी फसल में रोग, कीट एवं खरपतवारों की समस्या भी कम होती है, रोटावेटर से जुताई करने से भी नरवाई खेत में दब जाती है और विघटित होकर जैविक खाद का रूप ले लेती है जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति में बृद्धि होती है। अतः किसान बंधुओ से अनुरोध है, कि नरवाई में आग न लगाएं नरवाई प्रबंधन के विभिन्न विधियों का उपयोग करें।

## दावे आपत्ति प्राप्त करने रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पदाविहित

भारतीय रेडक्रास सोसायटी की सदस्यता सूची अनुसार दावे/आपत्तियां प्राप्त किये जाने के लिये कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी दमोह सुधीर कुमार कोचर ने संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत को पदेन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं प्रभारी तहसीलदार दमोह रॉबिन जैन को पदेन सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अपर कलेक्टर मीना मसराम को अपीलीय अधिकारी के कर्त्तव्यों का निर्वहन किये जाने हेतु पदाविहित किया है। उन्होंने कहा है रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा दमोह द्वारा तैयार कराई गई आजीवन सदस्यों की सूची (775 सदस्य) भेजी गई है, सूची अनुसार आजीवन सदस्यों के पुनरीक्षण कार्य हेतु दावे/आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया के शासन द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार की किया जाये।

**दर्दनाक हादसा**

**भैरोघाट से से कैंसर की दवा लेने के बाद वापिस गांव लौट रहा परिवार हादसे का शिकार**

# 60 फीट ऊंचे महादेव घाट सेतु से नीचे नदी में गिरी बोलेरो, पांच सगी बहनों के साथ तीन बच्चों की मौत










हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जिले के नोहटा थाना के रोड़-बनवार मार्ग के शून्य नदी महादेव घाट पर मंगलवार की दोपहर 11 बजे के करीब भीषण सड़क हादसा हुआ जहां 60 फीट ऊंचे सेतु से नदी में बोलेरो कार नीचे गिर गई जिसमें 4 महिलाओं सहित एक बच्ची की मौत हो गई। हादसा इतना खतरनाक था कि प्रत्यक्ष दर्शियों की रूह कांप गई। सेतु से नदी में गिरी बोलेरो कार पलटियां खाते हुए चकनाचूर हो गई और कार में फंसे 13 महिला पुरुष बच्चे बच्चियों में से वैजयंती भाई पति वीरान लोधी उम्र 65 वर्ष लौंग बाई पति हल्के सिंह 60 वर्ष हल्की बाई पति बलवान लोधी 35 वर्ष संपत बाई पति मुन्ना सिंह 50 वर्ष निवास भैरो घाट पाटन जबलपुर गुड्डी बाई पिता रज्जू लोधी 45 वर्ष निवासी सुंदरादेही रचना पिता कल्याण सिंह लोधी उम्र 19 वर्ष पौड़ी तहसील कटंगी जबलपुर की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। वही तमन्ना पिता देवेंद्र सिंह उम्र 10 वर्ष निवासी भीटा तहसील पाटन जबलपुर शिबू पिता हरि सिंह उम्र 8 वर्ष की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। वही रज्जू पिता कोदू 50 वर्ष वैभव पिता देवेंद्र सिंह उम्र 15 वर्ष निवासी भीटा रविंद्र पिता डोमन सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी बिजोरी आयुष पिता भूपेंद्र उम्र 15 वर्ष निवासी भैंरो घाट चालक अंकित पिता रज्जू शाह उम्र 20 वर्ष निवासी पौड़ी कटंगी सभी 5 घायलों को तो स्थानीय लोगों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो से पुलिस ने बाहर निकालकर तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया था जहां पर उनकी हालत गंभीर होने पर ग्रीन कॉरिडोर बनाकर दमोह से जबलपुर रेफर किया गया है।

### भैरोघाट से कैंसर की दवा खाने आए थे घाट पिपरिया

दुर्घटना के प्रत्यक्षदर्शीमुन्ना सिंह भैरो घाट जिन्होंने इस भीषण सड़क हादसे में अपनी पत्नी संपत बाई को खो दिया उन्होंने बताया कि मुझे कैंसर की शिकायत थी और घाट पिपरिया में पंडा की दवा खाने से मुझे आराम था जिस कारण मुझे भैरोघाट पिपरिया साथ लेकर आए थे और भैरो घाट पिपरिया में दवा खाने के बाद बांदकपुर दर्शन करते हुए घर वापिस लौट रहे थे। रोड़ महादेव घाट सेतु की टर्निंग पर बोलेरो बेकाबू होकर सेतु से नीचे नदी में गिर गई जिसमें एक ही परिवार से पांच सगी बहनों सहित दो बच्चियों एक बच्चे की मौत हो गई।

### सेतु की एप्रोच सड़क की खतरनाक टर्निंग बनी हादसे की वजह

महादेव घाट सेतु की एप्रोच सड़क पर खतरनाक टर्निंग है और स्पीड से भागते वाहन चालक की जरा सी नजर हटते ही सीधे सेतु के नीचे नदी में गिर जाती है इस खतरनाक टर्निंग के पहले न गति अवरोधक बनाए गए न ही संकेतक बोर्ड लगाएं गए। सेतु के आखिरी में रेलिंग है यही कारण है कि दो साल में यह दूसरा हादसा है। इसके पहले 28 जनवरी 2023 की रात्रि में रोड़ ग्राम के पूर्व सरपंच अरविंद सिंह लोधी की बोलेरो इसी तरह से महादेव घाट सेतु से नीचे गिरने से मौत हो गई थी जिसके बाद से लेकर अब तक क्षेत्रवासी सेतु एप्रोच सड़क के दोनों साइड गति अवरोधक सहित सेतु में रेलिंग बनाने की मांग करते चले आ रहे।

### हजारों की संख्या लोग घटना स्थल पर पहुंचे

भीषण सड़क हादसे कीखबर क्षेत्र में फैलते ही आसपास क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोग घटना स्थल पर पहुंच गए थे जिनको काबू करने में भी पुलिस कड़ी मशक्कत करना पड़ी। सेतु में रेलिंग गति अवरोधक बनाने की मांग पर अड़े ग्रामीणों के द्वारा चक्का जाम का प्रयास किया। सेतु पर रेलिंग और गत अवरोधक की मान को लेकर ग्रामीणों ने अपना आक्रोश जाहिर किया और चक्का जाम करने का प्रयास भी करने लगे। लेकिन घटनास्थल पर पहुंचे एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा के द्वारा ग्रामीणों की मांग से कलेक्टर दमोह एवं पुलिस अधीक्षक को अवगत करवाया गया जिसके बाद ग्रामीणों की मांग पूरी करने का आश्वासन मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की समझाइश के बाद मान गए और राहत बचाव में पुलिस का सहयोग करने लगे।

### मौके पर पहुंचे प्रधानमंत्री सड़क के अधिकारी-कर्मचारी

एस.डी.एम सौरभ गंधर्व ने बताया कलेक्टर श्री कोचर के निर्देश के उपरांत प्रधानमंत्री सड़क के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुँच गये है, दिए गए निर्देशानुसार पुल पर रैलिंग लगाने के लिए आवश्यक कारवाई कर ली गई है। 2-3 दिन के अंदर रैलिंग लगाने का कार्य कर लिया जायेगा। अभी यहॉ पर स्पीड ब्रेकर का काम शुरू किया गया है, यहां पर रेडियम और मार्ग पर संकेतक भी लगाने की कार्रवाई की जा रही है , एस.डी.एम ने बताया वे मौके पर मौजूद है, त्वरित कार्रवाई कलेक्टर सर के निर्देशानुसार कराई जा रही है।

### एम्बुलेंस के एक घंटे लेट पहुंचने से आक्रोशित लोगों किया पथराव एंबुलेंस छोड़कर भाग चालक

भीषण सड़क हादसा करीब 11:00 हुआ था और 108 एम्बुलेंस 12:00 बजे के बाद पहुंचने पर भीड़ ने आपा खो दिया और एंबुलेंस आते हैं चालक पर टूट पड़े और पथराव कर दिया। जिससे डर के मारे एंबुलेंस चालक एंबुलेंस छोड़कर भाग निकला। जिसके बाद पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए दूसरी एंबुलेंस एवं पुलिस वाहन से मृतक महिलाओं एवं बच्ची का शव पीएम के लिए जबेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। वही घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों को भी पुलिस के द्वारा 100 डायल और वाहन की व्यवस्था करके जबेरा घर तक भेजा गया।

### मृतकों के परिजन को 2-2 लाख एवं घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दमोह जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में अनमोल जिंदगियों के असामयिक निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव जी ने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपये एवं घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति, शोकाकुल परिजनों को शक्ति एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है।

### कलेक्टर और एसपी ने घटना स्थल का किया निरीक्षण

जिले के बनवार मार्ग में महादेव घाट पर हुई वाहन दुर्घटना में 8 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है और 05 व्यक्ति घायल है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया 8 मृतकों के परिवारों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की ओर से 2-2 लाख की आर्थिक सहायता मंजूर कर दी गई है और मुख्यमंत्री जी की ओर से 50-50 हजार घायलो के लिए मंजूर हुए है, जो सहायता स्वरुप दिए जा रहे हैं। यहाँ पर जो पांच घायल है, उन सभी को ग्रीन कॉरिडोर बना करके जबलपुर भेजा गया है। वहाँ कलेक्टर जबलपुर एवं डीन मेडिकल कॉलेज से चर्चा हो गई और इन घायलों का अच्छे से अच्छा उपचार सुनिश्चित करने का कार्रवाई की जाएगी। घटना स्थल पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक दोनों वहाँ पर गये थे और लोगों की पूरी बात को ध्यानपूर्वक सुना । आमजनों द्वारा बताया गया है वहाँ 3 साल पहले उसी जगह पर ही एक हादसा हुआ था और वह पुल की एप्रोच रोड पर कोई रेलिंग नहीं होने से गड्ढे में गिरने के कारण यह घटना हुई थी। कलेक्टर श्री कोचर ने तत्काल प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों एवं एस.डी.एम तेन्दूखेड़ा को वहीं रोका गया है और निर्देश दिये गये हैं कि वहाँ पर काम शुरू हो जाए और अगले 2-3 दिन के अंदर स्पीड ब्रेकर बनाने का और रेलिंग दोनों तरफ बनाने का काम कराया जायेगा ताकि आगे चल करके यह समस्या बिल्कुल ना आए और ग्रामीण जनों की जो भावना है, उस समस्या का स्थाई हल हो जाए। कलेक्टर श्री कोचर ने पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के साथ घटना स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को पुल पर रैलिंग, स्पीड ब्रेकर बनवाने के निर्देश दिए। उन्होनें एस.डी.एम तेंदूखेड़ा को मौके पर ही रह कर समुचित कारवाई समय सीमा कराने के निर्देश दिए । कलेक्टर श्री कोचर ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कहा जबेरा विकासखंड के बनवार थाना क्षेत्र में महादेव पुल है, उस पुल के पास एक बोलेरो गाड़ी जो जबलपुर कटंगी के पास एक गांव है, पौड़ी उस गांव के यह सभी लोग थे और जीप में 13 लोग सवार थे। यह पुल प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बना हुआ है और पुल का जो एप्रोच मार्ग है, पूरी घटना को देखते हुये उस एप्रोच के पास संभवतः ऐसा लग रहा है की गाड़ी बहुत तेज स्पीड से आ रही थी। वहाँ टर्न पर ड्राइवर गाड़ी की गति को नियंत्रित नहीं कर पाया ।

**खबर संक्षेप**

### कलमी आम फल एवं नीबू फल की नीलामी 25 अप्रैल को

**दमोह।** शासकीय संजय निकुंज मड़यिाहार विकासखण्ड दमोह में कलमी आम फल एवं नीबू फल की नीलामी 25 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 2 बजे की जायेगी। सहायक संचालक उद्यान यश कुमार सिंह ने नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति नियत तिथि समय एवं स्थल पर नीलामी में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया है। नीलामी की शर्ते आदि का अवलोकन कार्यालय सहायक संचालक उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग में कार्यालयीन समय पर किया जा सकेगा।

### केन्द्रीय मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**दमोह।** केन्द्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री डॉ.वीरेन्द्र कुमार आज 23 अप्रैल को दमोह आयेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। डॉ.वीरेन्द्र कुमार 23 अप्रैल को प्रातः 4.20 बजे रेल्वे स्टेशन से सर्किट हाऊस पहुंचेंगे अल्प विश्राम उपरांत आप प्रातः 10.45 बजे सर्किट हाऊस से रवाना होकर प्रातः 11 बजे स्थानीय कीर्ति स्तंभ पर आयोजित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के संबंध में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में भाग लेंगे। मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार दोपहर 12 बजे कीर्ति स्तंभ से बटियागढ़ के लिये रवाना होंगे और दोपहर 12.50 बजे बटियागढ़ में आयोजित दिव्यांग परीक्षण कैम्प का निरीक्षण करने उपरांत अपरान्ह 3 बजे बटियागढ़ से टीकमगढ़ के लिये रवाना होंगे।

## कृषि अधिकारियों की हड़ताल से थमा गेहूं उपार्जन, अन्नदाता संकट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राज्य सरकार को कृषि अधिकारियों की उपेक्षा भारी पड़ती दिख रही है। दो दिन से काम बंद हड़ताल कर रहे इन अधिकारियों ने किसानों पर संकट खड़ा कर दिया है। सोमवार को जहां प्रदेश भर में गेहूं उपार्जन का काम ठप रहा तो मंगलवार को यही स्थिति रही। मंगलवार को पूरे प्रदेश में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से लेकर एडिशनल डायरेक्टर स्तर के अधिकारी आंदोलन पर रहे। आंदोलन के द्वितीय चरण में 21 अप्रैल को सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्यालय में उपस्थित रहते हुए भी कलम बंद रखकर सांकेतिक हड़ताल के चलते काम काज नहीं किया गया । अगले दिन 23 अप्रैल को जिले के प्रभारी मंत्री, जिला कलेक्टर तथा संभागीय जिलों में कमिश्नर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा। विभिन्न मांगों को लेकर गठित कृषि अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा को कृषि अधिकारी संघ, सहायक संचालक कृषि संघ, कृषि विस्तार अधिकारी संघ एवं लघु वेतन कर्मचारी संघ समर्थन दे रहे हैं। आंदोलन की व्यापकता के लिए आगामी समय में अन्य शासकीय संघों का सहयोग भी लिया जाएगा।

### समाधान नहीं तो एक मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल

मोर्चा के संभागीय अध्यक्ष का कहना है कि यदि विभाग द्वारा मांगों के संबंध में तत्काल कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है तो 1 मई 2025 से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी, जिसका गंभीर प्रभाव आगामी खरीफ मौसम की आदान व्यवस्था पर पडेगा ।

### प्रमोशन ना होने से अधिकारी कर्मचारियों हो रहे प्रभावित

मोर्चा के जिला अध्यक्ष का कहना है कि ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को 2800 ग्रेड पे पटवारी के समान एग्री स्टेट भत्ता नहीं दिया जा रहा है। हाल मे ही माननीय मुख्यरमंत्री जी द्वारा पदोन्नति शीघ्र प्रारम्भ किये जाने के निर्णय से विभागीय कर्मचारी भी अत्यंत आशान्वित हैं।

**सड़क की साइड पिचिंग पर डाली मिट्टी-मुरम**

## बफर क्षेत्र मडियादो के मजरा गांव में मिट्टी मुरम का अवैध उत्खनन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ

मडियादो वफ़र क्षेत्र अंतर्गत घोघरा पंचायत के मजरा गांव में पत्थर खदान में सड़क रेनोवेट करने वाली कंपनी द्वारा खुलेआम मुरम मिट्टी का अवैध उत्खनन किया गया हुए ओर जिम्मेदार विभाग आंखे बंद किए रहे। जानकारी के अनुसार हटा की एक कंपनी द्वारा घोघरा से मजरा की ओर बनी डामर सड़क की साइड पिचिंग के लिए यह खनन किया है। ग्रामीणों के अनुसार जेसीबी मशीन ओर हाइवा के माध्यम से खनन किया गया ओर लाई गई मुरम मिट्टी सड़क के दोनों ओर डाली गई है। सबसे खास बात यह कि जिस जगह अवैध उत्खनन किया गया है। वह भले राजस्व क्षेत्र हो लेकिन पन्ना टाइगर रिजर्व के इको संसेटिव जोन में आता है। लेकिन वफ़र क्षेत्र प्रबंधन द्वारा रात में हुए अवैध खनन को रोकने संबंधी कोई कार्यवाही नहीं की गई। देखना अब यह की मामला संज्ञान में आने के बाद जिम्मेदार विभाग कार्यवाही करते है या नहीं।

### खनिज विभाग सिर्फ वसूली तक सीमित

दमोह खनिज विभाग मडियादो क्षेत्र में होने वाली अवैध उत्खनन में कार्यवाही नहीं करता है। सूत्रों के अनुसार मासिक वसूली तक ही उनकी कर्तव्य निष्ठा सिमटी है। यही कारण है कि क्षेत्र में मिट्टी , मुरम , जुड़ाई पत्थर की अवैध खदाने संचालित होती ओर व्यापक खनन भी होता है लेकिन जब शिकायत ओर कार्यवाही का मौका आता है तब तक माफिया भाग चुका होता है।

## नागरिक संरक्षण समिति दमोह ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नगरिक संरक्षण समिति दमोह द्वारा राज्यपाल महोदय को कलेक्टर के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में लेख है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा 13.12.2023 में सी.एम. के रूप में अपने पहले आदेश में धार्मिक स्थों एवं अन्य स्थानों में व्यति विस्तारक मंत्रों (लाउड स्पीकर/डी. जे. संवोधन प्रणाली) के अनियंत्रित व नियम विरुद्ध प्रयोग पर नियंत्रण/कार्यवाही एवं खुले में मांस की विक्री पर रोक हेतु दिशा निर्देश जारी किए थे के परिपालन हेतु ज्ञापन प्रेषित है। आगे बताया कि विषय के अनुक्रम में संज्ञान में आया है कि विभिन्न धर्म स्थलों में निर्धारित डेसिबल का उल्लंघन करते हुए लाउडस्पीकर का उपयोग किया जा रहा है। शोर से मनुष्य के काम करने की क्षमता आराम, नींद और संवाद में व्यवधान पड़ता है। कोलाहल पूर्ण वातावरण के कारण उच्च रक्तचाप, वैचेनी, मानसिक तनाव उपा अनिद्रा जैसे प्रभाव शरीर में पाये जाते है अधिक शोर होने पर कान के आंततिक भाग की क्षति होने के प्रमाणे पाये गये है। लाउडस्पीकरों के उपयोग पर व्यापक दिशा निर्देश माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उपरोक्त संदर्भित निर्णय अंतर्गत जारी किए गए है। उक्त दिये गये दिशा निर्देशों के पालनार्थ माननीय मुख्य मंत्री मो.प्र, शासन द्वारा अपनी प्रथम केबिनेट बैठक में प्रस्ताव पारित करते पर्ण म.प्र. के लिये धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर /डी.जे. संबोधन प्रणाली) नियत्रित नियम विरुद्ध प्रयोग पर नियंत्रणा कार्यवाही हेतु एवं खुले में में मांस विक्री पर रोक लगाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश पर जारी किए गए है। किन्तु पारित दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। महोदय जी से मांग है कितना प्रभाव से पारित दिशा निर्देशों के तहत कठोर कार्यवाही करते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों को धार्मिक स्थलों में दयाशी उतारने की कार्य की आये। साथ ही खुले में मांस विकी किए जाने पर रोक लगाई जाए कार्यवाही से अवगत कराने की मांग की है।

**जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न**

## ग्रीष्म ऋतु में शीतल पेय पदार्थों पर विशेष निगरानी रखी जाये-कलेक्टर

**दमोह।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 का जिले में त्वकरित एवं प्रभावी क्रियान्व्यन पर्यवेक्षण निगरानी मूल्यां कन तथा नियामक प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराने के उददेश्य से जिला स्त रीय स्टेषयरिंग समिति की बैठक कलेक्टीर एवं अध्यरक्ष सुधीर कुमार कोचर की अध्यगक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के सभी



अधिकारीगण एवं नामंकित सदस्यगण उपस्थित थे। कलेक्टएर श्री कोचर ने खाद्य सुरक्षा प्रशासन को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल फूड टेस्टिंग लैबोरेटरी एवं मैजिक बॉक्स के माध्यम से आमजन को खाद्य सामग्री में मिलावट के प्रति जागरूक करने निर्देश दिये। उन्होंने कहा आंगनबाडी एवं मध्या न्ह भोजन, जिला चिकित्साटलय, दीनदयाल अंत्यो दय रसोई में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ताा की जांच एवं निरीक्षण की निरंतर कार्यवाही करने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिये। ग्रीष्म ऋतु में शीतल पेय पदार्थों,गन्ना जूस, लस्सी, आइस क्रीम,कुल्फी,बच्चों की पेप्सी, आइस कैंडी,बर्फ एवं कोल्ड ड्रिंक्स पर विशेष निगरानी रखी जाये। कलेक्टर श्री कोचर ने अमानक खाद्य सामग्री के विक्रय की रोकथाम हेतु निरंतर नमूना संग्रहण एवं निरीक्षण कार्य करने के निर्देश खाद्य सुरक्षा अधिकारी को दिये। उन्होंने कहा आमजन को सही खाद्य सामग्री का उपयोग एवं चयन करने के लिये एडवाइजरी जारी की जाये। बैठक में अभिविहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बैठक का एजेण्डाक बिंदुबार प्रस्तुखत किया जिस पर अध्ययक्ष एवं कलेक्टीर ने आवश्य क कार्यवाही करने के निर्देश दिये ।